प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला

उप–मुख्यमंत्री

राज्य सरकार ने प्रदेश में मौजूदा सेब सीजन के दौरान बाहरी राज्यों के ट्रक चालकों को स्पेशल रोड टैक्स से छूट प्रदान की है। उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज शिमला में बताया कि हिमाचल में प्रवेश करने वाले दूसरे राज्यों के ट्रक चालक जो नेशनल परमिट के तहत कवर नहीं हैं को अन्य राज्यों में आलू व सेब के परिवहन के लिए विशेष पथ कर से तुरंत प्रभाव से छूट प्रदान की गई है। परिवहन विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि सेब और आलू के परिवहन के लिए विशेष पथ कर से छूट प्रदान करने से सभी हितधारकों को मदद मिलेगी। उप–मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में मानसून व सेब सीजन के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर सभी एहतियाती उपाय पूर्ण किए गए हैं।

सर्वोच्च न्यायालय–लोक अदालत

सर्वोच्च न्यायालय लंबित मामलों को निपटाने और सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए 29 जुलाई से 3 अगस्त 2024 तक विशेष लोक अदालत का आयोजन करेगा। यह पहल सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना के 75वें वर्ष में मील का पत्थर है। भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड़ ने उन नागरिकों से इस पहल से लाभ उठाने की अपील की है जिनके मामले शीर्ष अदालत में लंबित हैं।

विनय कुमार

विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने वन महोत्सव के अवसर पर आज रेणुका विधानसभा क्षेत्र की खाला क्यार पंचायत के चुलडिया धार में अर्जुन का वृक्ष रोपित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वृक्ष पर्यावरण को संतुलित और स्वस्थ रखने में मदद करते हैं इसलिए पेड़–पौधे हमारे जीवन के लिए नितांत महत्वपूर्ण हैं। विनय कुमार ने बताया कि इस वर्ष युवा कांग्रेस द्वारा रेणुका जी विधानसभा क्षेत्र में पाँच हज़ार पौधे रोपित किए जाएंगे। इस दौरान विधानसभा उपाध्यक्ष ने चुलडिया धार में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ लोगों की समस्याएं भी सुनीं।

पुरस्कार राशि

प्रदेश सरकार ने ओलंपिक्स, विंटर ओलंपिक्स, पैरा ओलंपिक्स, एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों, पैरा एशियाई और पैरा राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक विजेता खिलाड़ियों की पुरस्कार राशि में भारी वृद्धि की है। इस संबंध में युवा सेवाएं व खेल विभाग के सचिव की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार ओलंपिक्स, विंटर ओलंपिक्स और पैरा ओलंपिक्स खेलों के स्वर्ण पदक विजेता हिमाचली खिलाड़ियों की पुरस्कार राशि 3 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 5 करोड़ रुपये कर दी गई है। इसी प्रकार रजत पदक विजेता की राशि 3 करोड़ और कांस्य पदक विजेता की पुरस्कार राशि बढ़ाकर 2 करोड़ रुपये की गई है। इसी तरह एशियाई और पैरा एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता को अब 4 करोड़ रुपये मिलेंगे जबकि रजत पदक विजेता को ढाई करोड़ और कांस्य पदक विजेता को डेढ़ करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि मिलेगी।

राष्ट्रमंडल और पैरा राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता को अब 3 करोड़ रुपये मिलेंगे जबकि रजत पदक विजेता को 2 करोड़ और कांस्य पदक विजेता को एक करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि मिलेगी।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार 28 जुलाई को आकाशवाणी के से मन की बात कार्यक्रम में लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। मासिक रेडियो कार्यक्रम की ये एक सौ 12वीं कड़ी होगी। इसके लिए प्रधानमंत्री ने लोगों से सुझाव मांगे हैं। लोग मॉय गोव् ओपन फोरम, नमो एप या टोल फ्री नंबर 1800–11–7800 पर रिकार्ड संदेश के रूप में अपने सुझाव भेज सकते हैं।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के उस बयान की निंदा की है जिसमें उन्होंने नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार करने की बात कही है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा बैठक का बहिष्कार करना हिमाचल के हितों के साथ कठाराघात है। बिंदल ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार हिमाचल को हजारों करोड़ रूपए की सहायता निरंतर उपलब्ध करवा रही है।

कर्मचारी महासंघ

प्रदेश के कर्मचारियों के विभिन्न मुद्दों को लेकर आज शिमला के बचत भवन में अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में महासंघ के राज्य पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष व कार्यकारिणी और विभिन्न विभागों के अध्यक्षों, सचिवों सहित अन्य पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में कर्मचारियों के मुद्दों को लेकर सरकार से शीघ्र संयुक्त सलाहकार समिति की बैठक बुलाए जाने की मांग की गई। इस मौके पर अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष प्रदीप ठाकुर ने बताया कि विभागों में कर्मचारियों के रिक्त पद शीघ्र भरने की मांग के अलावा कर्मचारियों की वेतन विसंगति, वर्ष 2016 के वेतन आयोग के अनुसार बकाया राशि का तुरंत भुगतान, 12 प्रतिशत महंगाई भत्ता और दो बार संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण सहित अन्य मागों को लेकर मुख्यमंत्री को मांग पत्र सौंपा जाएगा।